### न्यूज डायरी



## बोलिविया की अंतरिम राष्ट्रपति जीनिन को हुआ कोरोना, आइसोलेशन में रहेंगी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। दुनियाभर में कोरोना वायरस के मामले लगातार बढ़ रहे हैं और कई जानी–मानी हस्तियां इस वायरस की चपेट में आई हैं। अब बोलिविया की अंतरिम राष्ट्रपति जीनिन अंज की कोरोना टेस्ट रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। उन्होंने शुक्रवार को खुद इसकी जानकारी दी। राष्ट्रपति जीनिन ने बताया कि उन्होंने कोरोना वायरस का टेस्ट कराया था, जिसकी रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। उन्होंने कहा, मैंने हाल में टेस्ट कराया था, अब रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। उन्होंने साथ ही कहा कि वह आइसोलेशन में रहते हुए भी अपना काम जारी रखेंगी। उनसे पहले ब्राजील के राष्ट्रपति जे. बोलसेनारो, अमेरिका के प्रधान मंत्री बोरिस जॉनसन और मोनाको के प्रिंस अल्बर्ट द्वितीय कोरोना वायरस से संक्रमित पाए गए थे। हालांकि सभी फिलहाल स्वस्थ हैं।

## जापान में लगातार बारिश और बाढ़ से संबंधित मामलों में 66 लोगों की मौत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** तोक्यो। जापान में बाढ़ और कीचड़ धंसने की घटनाओं में लापता हुए लोगों की तलाश अब भी जारी है जबकि सप्ताहांत बेहद तेज बारिश का पूर्वानुमान है। अग्निशमन एवं आपदा प्रबंधन एजेंसी ने बताया कि शुक्रवार तक मरनेवालों की संख्या 66 हो गई है और 16 अन्य अब भी लापता हैं। इनमें से ज्यादातर जापान के तीसरे सबसे बड़े द्वीप कीशू के प्रातों से हैं। कीशू से आगे मध्य जापान के खूबरसूरत पर्वतीय इलाके तक नुकसान हुआ है। कुमा गांव में तलाश एवं बचाव कार्य जारी है। यहां नौ लोग लापता हैं और उनके तलाश अभियान में बाढ़ के पानी की वजह से विलंब हो रहा है और वहां कीचड़ धंसने का खतरा भी बढ़ गया है। बाढ़ की वजह से अलग–थलग पड़े लोगों को विमान की मदद से सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जा रहा है। मौसम विभाग एजेंसी ने लागातार हो रही बारिश की वजह से नागासाकी और कीशू क्षेत्र के अन्य इलाकों से लोगों के निकलकर सुरक्षित स्थानों पर जाने संबंधी सलाह जारी की गई है।

## कोविड–19 मृत्युदर कम करने की उम्मीद जगा रही टीबी की वैक्सीन बीसीजी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वर्जीनिया। कोरोना वायरस इन्फेक्शन से लोगों को बचाने के लिए और इलाज करने के लिए वैक्सीन और दवा खोजने में वैज्ञानिक जुटे हैं। इसी बीच ट्यूबरकुलोसिस (टीबी) के लिए इस्तेमाल की जाने वाली सदियों पुरानी दवा BCG से कोरोना के कारण मृत्युदर को कम करने की उम्मीद जगी है। एक स्टडी में पाया गया है कि अमेरिका जैसे विकसित देश के स्टेट्स के मुकाबले लैटिन अमेरिका और दूसरे विकासशील देशों में मृत्युदर कम होने के पीछे एक कारण टीबी की वैक्सीन हो सकती है। वर्जिनिया टेक के कॉलेज ऑफ नैचरल रिसोर्सेज ऐंड एन्वायरन्मेंट में असिस्टेंट प्रफेसर लुइस एस्कोबार ने इस बात पर रिसर्च की कि कुछ विकासशील देशों में अमेरिका के स्टेट्स के कम मृत्युदर कैसे हैं, जबकि वहां आबादी ज्यादा भी है और घनी भी। हालांकि, इन सब में एक चीज समान थी– टीबी का वैक्सिनेशन प्रोग्राम।

## कोरोना वायरस से दुनिया को 3.8 ट्रिल्यन डॉलर का नुकसान, 14 करोड़ बेरोजगार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** सिडनी। कोरोना वायरस से महामारी से अब तक 5,57,416 लोग मारे गए हैं। अब एक ताजा शोध से खुलासा हुआ है कि कोरोना महामारी और उसके प्रसार को रोकने में दुनिया को करीब 3.8 ट्रिल्यन डॉलर खर्च करना पड़ा है। यही नहीं कोरोना महामारी की वजह से करीब 14 करोड़ 70 लाख लोगों की नौकरियां चली गई हैं। सिडनी विश्वविद्यालय के विशेषज्ञों ने यह विस्तृत आंकड़ा जारी किया है।
शोध में कहा गया है कि कोरोना वायरस से सबसे ज्यादा ट्रेवल इंडस्ट्री को नुकसान पहुंचा है। इसकी वजह यह रही कि कोरोना की वजह से उड़ानों को रद्द किया गया और दुनियाभर के देशों खासतौर पर एशिया, यूरोप और अमेरिका ने अपने दरवाजे पर्यटकों के लिए बंद कर दिए। वास्तव में दुनियाभर में उड़ानों के रद्द होने से आर्थिक संकट पैदा हुआ और इससे व्यापार, पर्यटन, ऊर्जा और वित्तीय सेक्टर में बड़ा उथल–पुथल मच गया।

# अमेरिका, ईयू ने पीआईए की उड़ानों पर लगाई रोक

**फैसला**

## पाकिस्तान में फर्जी पायलट्स का जाल

■पाकिस्तान के पायलट्स के सर्टिफिकेशन को लेकर चिंता जताते हुए लिया फैसला

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

सिडनी। अमेरिका के परिवहन विभाग की ओर से पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय एयरलाइंस की अमेरिका आने वाली चार्टर फ्लाइट पर रोक लगा दी गई है। रोक लगाने का यह फैसला पाकिस्तानी पायलटों के सर्टिफिकेट व योग्यता पर फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन की चिंता के बाबत लिया गया है। पिछले माह पाकिस्तान ने फर्जी क्वालीफिकेशन के तहत अपने कई पायलटों को सस्पेंड कर दिया था।

अमेरिका के डिपार्टमेंट ऑफ ट्रांसपोर्टेशन ने कहा है कि उसने पाकिस्तान इंटरनैशनल एयरलाइन्स को अमेरिका के लिए चार्टर फ्लाइट्स की इजाजत रद्द कर दी है। फेडरल एविएशन ऐडमिनिस्ट्रेशन ने पाकिस्तान के पायलट्स के सर्टिफिकेशन को लेकर चिंता जताते हुए ऐसा फैसला किया है। पिछले महीने पाकिस्तान की संसद में पेश एक रिपोर्ट में देश के उड्डयन मंत्री गुलाम सरवर खान ने जानकारी दी थी कि देश के 40 प्रतिशत पायलट्स के पास फर्जी लाइसेंस होते हैं जिनमें बड़ी संख्या में पाकिस्तान इंटरनैशनल एयरलाइन्स के पायलट भी शामिल हैं।

पाकिस्तान के जियो न्यूज के मुताबिक पीआईए ने बैन की खबर की पुष्टि की है और कहा है कि वह एयरलाइन्स के अंदर सुधार करने पर काम करेगा।



**वियतनाम से भी हटाए गए पायलट**

इससे पहले जून में वियतनाम के विमानन प्राधिकरण ने भी बताया कि स्थानीय एयरलाइंस के लिए काम कर रहे सभी पाकिस्तानी पायलट को हटा दिया गया।

**फर्जी सर्टिफिकेट के आधार पर हुई थी नियुक्तिः** यूरोपियन यूनियन एविएशन सेफ्टी एजेंसी ने PIA के ऑथराइजेशन को सस्पेंड कर दिया। यह रोक 6 महीने के लिए लगाई गई है। पाकिस्तान की जियो न्यूज ने कहा कि पीआई ने अमेरिकी प्रतिबंध की पुष्टि की है।

PIA ने कहा कि एयरलाइंस को लेकर जिन जरूरी सुधारों की जरूरत है, उस पर वो काम करेगा। मई में पाकिस्तान का एक जेट विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया था इसमें 97 लोगों की मौत हो गई। इस हादसे की जांच के बाद ही पायलटों की फर्जी सर्टिफिकेशन का मामला सामने आया।

**खाड़ी देशों में भी पाकिस्तानी पायलटों पर गिरी गाजः** बता दें कि पाकिस्तान के पायलटों के फर्जी सर्टिफिकेट के कारण खाड़ी देशों कुवैत, कतर, यूएई, ओमान में भी इ इन्हें हटाने का फैसला कर लिया। कुछ दिनों पहले ही वैश्विक एयरलाइंस संस्था आईएटीए ने कहा था कि पाकिस्तानी अंतरराष्ट्रीय एयरलाइंस के पायलटों के लाइसेंस में अनियमितताएं पाई गई हैं, जो सेफ्टी कंट्रोल में गंभीर चूक है।

इसके बाद पाकिस्तान ने पिछले सप्ताह कहा था कि वो उन 262 एयरलाइन पायलटों को हटा रहा है, जिनकी विश्वसनीयता फर्जी हो सकती है। पाकिस्तान के उड्डयन मंत्री गुलाम सरवर खान ने फर्जी लाइसेंस हैं या फिर उन्होंने धोखाधड़ी से परीक्षा पास किया।

## चीन ने डराया, कजाकिस्तान का करारा जवाब बताया– 'फेक न्यूज'

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नूर–सुल्तान। कजाकिस्तान में चीनी दूतावास ने चेतावनी जारी कर दी कि देश में एक जानलेवा निमोनिया फैल रहा है जो कोरोना वायरस से भी ज्यादा खतरनाक है। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए कजाकिस्तान ने चीन की रिपोर्ट को श्फेक न्यूजश करार दिया है। दरअसल, कजाक के तीन शहरों में मध्य–जून के बाद से निमोनिया के कारण मौत के मामलों की जानकारी हाल ही में जारी की गई थी।

**चीन का दावा, कोरोना से ज्यादा मृत्युदरः** इसके बाद चीन ने देश में रह रहे अपने नागरिकों के लिए चेतावनी जारी कर दी। दूतावास ने कहा, श्इस बीमारी से मृत्युदर कोरोना

कोरोना से ज्यादा जानलेवा वायरस का दावा

वायरस से भी ज्यादा है। देश का स्वास्थ्य विभाग निमोनिया वायरस पर रिसर्च कर रहा है लेकिन वायरस को पहचान नहीं पाया है। चीन ने अपने आधिकारी अकाउंट पर बताया कि अत्रायु, अकटोबी और शिमकेंट में मध्य–जून के बाद से मामलों में तेजी आई है।

इस पर कजाकिस्तान ने चीन के दूतावास के बयान पर आधारित चीनी मीडिया रिपोर्टों को फेक न्यूज बताया है। मंत्रालय ने कहा कि कजाकिस्तान में नए तरीके के निमोनियो को लेकर चीनी मीडिया की जानकारी गलत है।



## किम की बहन का ट्रंप को झटका, नहीं होगी वार्ता

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** सियोल। उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन की बहन ने शुक्रवार को कहा कि इस साल उन्हें उनके भाई के अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मुलाकात करने की उम्मीद नहीं है। किम यो जोंग ने कहा कि उत्तर कोरिया के पास ट्रंप को हाई प्रोफाइल बैठकों का तोहफा देने की कोई वजह नहीं है जबकि उसे इसके बदले में कुछ भी ठोस नहीं मिल रहा है। किम जोंग उन की बहन किम यो जोंग के हवाले से उत्तर कोरिया की आधिकारिक समाचार एजेंसी कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी की ओर से जारी एक बयान में परमाणु कूटनीति को सक्रिय रखने के लिए अमेरिका द्वारा अहम छूट दिए जाने के वादे का जिक्र किया।

## पीएम केपी शर्मा ओली के भविष्य पर फैसला एक हफ्ते के लिए टला

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

काठमांडू। प्रधानमंत्री के पी शर्मा ओली के राजनीतिक भविष्य का फैसला करने वाली नेपाल की सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी की एक अहम बैठक शुक्रवार को एक बार फिर स्थगित हो गई। इस बार देश में बाढ़ आने की वजहों का हवाला देते हुए एक हफ्ते के लिए बैठक टाल दी गई है। भारत विरोधी टिप्पणियों और कामकाज की शैली को लेकर ओली के इस्तीफे की मांग की जा रही है।

नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी की 45 सदस्यीय शक्तिशाली स्थायी समिति की बैठक शुक्रवार को होनी थी। 'माय रिपब्लिक' अखबार ने एनसीपी प्रवक्ता नारायण काजी

नेपाल में दिखा चीनी राजदूत के दबाव का असर

श्रेष्ठ के हवाले से कहा कि बचाव एवं राहत कार्यों और देशभर में बाढ़ तथा भूस्खलनों से और नुकसान को होने से रोकने के प्रयासों में पार्टी के लगे होने के कारण बैठक टाल दी गई है।

नेपाल के सिंधुपालचोक जिले में मूसलाधार बारिश से आई बाढ़ में कई मकानों के बह जाने से गुरुवार को एक बच्चे समेत कम से कम दो लोगों की मौत हो गई जबकि 18 अन्य लापता हो गए। यह पांचवीं बार है जब एनसीपी की बैठक स्थगित हुई है। इससे पहले बुधवार को होने वाली बैठक को शुक्रवार तक के लिए स्थगित किया गया था। पूर्व प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल 'प्रचंड' समेत एनसीपी के शीर्ष नेताओं ने प्रधानमंत्री ओली के इस्तीफे की मांग की है। उनका कहना है कि ओली की हालिया भारत विरोधी टिप्पणी 'न तो राजनीतिक रूप से सही थी और न ही राजनयिक रूप से उचित थी।' नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी के दो धड़ों के बीच मतभेद उस समय बढ़ गया जब प्रधानमंत्री ने एकतरफा फैसला करते हुए संसद के बजट सत्र का समय से पहले ही सत्रावसान करने का फैसला किया। सत्ता में हिस्सेदारी के मुद्दे पर एनसीपी के एक धड़े का नेतृत्व ओली और दूसरे धड़े का नेतृत्व पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष 'प्रचंड' करते हैं।

## यूएस नेवी तैयार कर रही अदृश्य हथियारों का बेड़ा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** अमेरिका। चीन और रूस के साथ–साथ ईरान की नौसेना से मिलती चुनौती का जवाब देने के लिए अमेरिकी नेवी ने अपने जंगी बेड़े को और ज्यादा अडवांस्ड और हाई–टेक बनाने की तैयारियां तेज कर दी हैं। नेवी 2023 तक लेजर डिफेंस सिस्टम से लैस 7 और युद्धपोत बनाने का लक्ष्य तय किया है। इनके अलावा एक का टेस्ट मई में किया जा चुका है। इन हथियारों के दम पर अमेरिका की नेवी वॉरशिप अपने टारगेट को हवा में ही मारने की ताकत हासिल कर सकती हैं। इसमें खास बात यह है कि यह एक हाई–एनर्जी लेजर हथियार है। लेजर रेज आंखों को दिखाई नहीं देती हैं, सीधे असर करती हैं। अमेरिकी नेवी के नेवल रिसर्च ऑफिस में सीनियर टेक्नॉलजिस्ट फ्रैंक पीटरकिन के मुताबिक नेवी ऑप्टिकल डैजलिंग इंडिकेटर नेवी लेजर डिफेंस सिस्टम को अगले तीन साल में अलग–अलग युद्धपोतों में लगाने का प्लान बनाया है। इस टेस्ट का ऐलान नेवी के पैसिफिक फ्लीट ने किया था। साल की शुरुआत में चीन के नेवी डिस्ट्रॉयर ने अमेरिका के नीव मैरिटाइम पट्रोल एयरक्राफ्ट को लेजर बीम से निशाना बनाया था।